भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर आमजन को सदस्यता अभियान से जोड़ें : मेघवाल

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी संभाग कार्यालय में आज सदस्यता अभियान बीकानेर जिले की समीक्षा बैठक शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य व देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें मुख्य अतिथि केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल उपस्थित थे।

किस तरह बीकानेर में सदस्यता अभियान चल रहा है और इसे किस प्रकार और गति दी जाए। उसको लेकर जिला पदाधिकारियों, सदस्यता अभियान प्रभारियों, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष शहर और देहात कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा की गई। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा इस सदस्यता अभियान में भाजपा ने अब तक महारिकॉर्ड बनाया है। सदस्यता अभियान में देश में 11 दिनों में बनाये 3 करोड़ से ज्यादा सदस्य प्रदेश में 11 लाख से ज्यादा और बीकानेर में 27 हजार पार सदस्य अब तक बन चुके हैं। बीकानेर जिले का वातावरण अभी भक्तिमय है।

मेलों का माहौल है जल्दी बीकानेर जिले में भी ये अभियान तेजी पकड़ेगा। मुझे बीकानेर जिले की टीम पर भरोसा है। प्रदेश नेतृत्व ने जितना आंकड़ा बीकानेर को दिया है वो उससे सवाया ही करेगा और हम प्रदेश में सबसे ज्यादा सदस्य बनाएं ऐसा लक्ष्य लेकर चलना है। भाजपा का सदस्यता अभियान देशव्यापी है। मेघवाल ने आव्हान किया कि घर-घर जाकर आमजन मानस को सदस्यता अभियान से जोड़ें।

भाजपा संभाग कार्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक को केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया।

भाजपा का सदस्यता अभियान सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी और सर्व ग्राही है। भाजपा है तो भरोसा है, भाजपा है तो गारंटी है। भाजपा सरकार में देश और प्रदेश में खुशहाली है। भाजपा सरकार में महिला, किसान, नौजवान, गरीब, व्यापारी पूर्णतय: सुरक्षित और निडर है। शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह, सेवा पखवाड़ा के रूप में हर वर्ष पार्टी मनाती है। जिसमें रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण स्वच्छता अभियान, मुफ्त स्वास्थ्य शिविर के साथ सेवा के कार्य प्रत्येक मंडल व मोर्चा के साथ मिलकर किए जायेंगे। देहात जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी ने जिस तरह जिले से बूथ तक का कार्यकर्ता इस सदस्यता अभियान में अपनी भागीदारी निभा रहा है। सभी का आभार व्यक्त किया। विधायक जेठानंद व्यास, महापौर सुशील कंवर राजपुरोहित, विश्वकर्मा बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, प्रभारी ओम सारस्वत, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर, उप महापौर राजेन्द्र पंवार, सदस्यता अभियान जिला संयोजक श्याम चौधरी, सवाई सिंह तंवर ने भी संबोधित किया।

- **जिले से बूथ तक का कार्यकर्ता इस सदस्यता अभियान में अपनी भागीदारी निभा रहा है**
- **बीकानेर में सदस्यता 27 हजार पार**

कार्यक्रम का मंच संचालन मोहन सुराना ने किया। आज की बैठक में नरेश नायक, श्यामसुन्दर पंचारिया, मोहन मेघवाल, हनुमान सिंह चावड़ा, जितेंद्र रजवी, आनंद सिंह भाटी, बाबूलाल गहलोत, भगवान सिंह मेड़तिया, गोकुल जोशी, मनीष सोनी, सांगीलाल गहलोत, जगदीश सोलंकी, इंद्रा व्यास, भारती अरोड़ा, अशोक प्रजापत, कुणाल कोचर, गोपाल गहलोत, नारायण चौपड़ा, बनवारी शर्मा, भूपेन्द्र शर्मा, महावीर चारण, सलीम जोईया आदि मौजूद थे।

कान से बाली तोड़ने वाला गिरफ्तार

हनुमानगढ़,(कासं)। घर में घुसकर महिला के कान में पहनी सोने की बाली छीनकर ले जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

किराये के लिए मकान पूछने के बहाने घर में घुसकर महिला के कान में पहनी सोने की बाली झपटा मारकर छीनकर ले जाने के मामले में टाउन थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात करीब दो महीने पहले जुलाई में हुई थी। इस संबंध में शुक्रवार को एक नामजद और एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। अगले ही दिन पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर छीनी गई बाली बरामद कर ली।

पुलिस थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि सीता देवी (55) पत्नी मक्खन सिंह बावरी निवासी वार्ड 21, बस स्टैंड के पीछे, पंजाबी मोहल्ला, टाउन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि 17 जुलाई को दोपहर करीब 2.30 बजे वह घर पर थी। तब एक लड़का किराये का मकान खाली होने का पूछने के बहाने घर आया। उस वक्त घर पर उसके साथ किरायेदार सुनीता भी थी। उस लड़के ने उसे घर पर अकेला समझकर कान पर झपट्टा मारा और एक कान की सोने की बाली खींचकर ले गया। वह शोर मचाती उससे पहले ही उस लड़के ने उसे धक्का मारा। इससे वह नीचे गिर गई। वह लड़का उसके कान की सोने की बाली लेकर भाग गया।

सार-समाचार

जब्त अवैध मादक पदार्थों को जलाया

पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम की निगरानी में पुलिस द्वारा जब्त अवैध मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया।

बीकानेर, (कासं)। जिला पुलिस की ओर से एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किये तंबाकू, नशीले पदार्थों को जलाकर नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम की निगरानी में इन्हें भट्टी में जलाकर नष्ट किया। एसपी ने बताया कि जिले भर में 327 मामलों में 14 हजार किलो डोडा,12 हजार किलो अफील के पौधे, 38 किलो गांजा, 884 ग्राम स्मैक, 557 ग्राम एमडी, 55 ग्राम एमडीएमए तथा 62181 नशीली टेबलेट्स को जलाया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दीपक शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्यारेलाल शिवरान, आईपीएस रमेश सहित जिलेभर के संबंधित थानों के थानाधिकारी मौजूद थे।

'दीक्षा लेकर संयम में लगें'

नोखा, (कासं)। दीक्षा लेकर समर्पण भावना से संयम में लग जाएं, ये विचार शनिवार को नोखा के महावीर चौक में शासन गौरव साध्वी राजीमती ने आंचलिया परिवार के मंगल भावना समारोह पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नोखा में आचार्य महाश्रमण की कृपा से उत्सव का माहौल और उत्साह है। आंचलिया परिवार में जन्म लेकर संस्कार ग्रहण कर मुमुक्षु मानवी को वैराग्य की ओर अग्रसर होना चाहिए और संयम ग्रहण कर विकास करना चाहिए। इस अवसर पर बालक-बालिकाओं ने रोचक तरीके से मुमुक्षु मानवी के बाल्यकाल से अब तक के जीवन संस्मरण प्रस्तुत किए। प्रारंभ से वैराग्य तक की डॉक्यूमेंट्री दादीसा महाराज राजीमती की प्रेरणा से तैयार की गई थी। मुमुक्षु शांता बहन, भंवरलाल बैद और पारिवारिक जनों ने तेरापंथ की दीक्षा और नोखा में साध्वी श्री जी के करकमलों से दीक्षा प्राप्त करना अद्वितीय और विलक्षण बताया। कार्यक्रम का कुशल संचालन खुशबू भादानी और बोबी डागा ने किया। महावीर चौक के भव्य पंडाल में विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंच रहे हैं, जिसमें कोलकाता से कमल ललवानी, भंवरलाल बैद, रणजीत दुगड, भुवनेश्वर से सुभाष भूरा, दिल्ली से सुभाष सेठिया, लाडनूं से परमार्थिक शिक्षण संस्था की 30 बहनें शामिल हैं। इंदरचंद बैद ने बताया कि सभा के अध्यक्ष शुभकरण चौरडिया, मंत्री मनोज घीया, उपाध्यक्ष लाभचंद छाजेड़, रोहित चौरडिया, महिला मंडल अध्यक्ष सुमन मरोठी, तेयुप अध्यक्ष निर्मल चौपड़ा, किशोर मंडल और कन्या मंडल के सभी टीम कार्यकर्ता दिन-रात आयोजन को सफल करने में लगे हैं। रविवार को महावीर चौक से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी। 16 सितम्बर को सुबह 9 बजे से दीक्षा समारोह आयोजित किया जायेगा, जिसमें शासन गौरव साध्वी राजीमती द्वारा मुमुक्षु मानवी को दीक्षा प्रदान की जायेगी।

पशु प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत

हनुमानगढ़, (कासं)। गोगाजी के मेले में श्रद्धालुओं की संख्या परवान पर है। प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु सांप्रदायिक सौहार्द वाले गोगामेड़ी मेले में पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं को मेले में असुविधा से बचाने के लिए और सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। प्रसिद्ध गोगामेड़ी पशु मेले में इस बार पशुओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। राज्य पशु ऊंट की संख्या पिछले साल करीब 3300 रही। इस बार अभी तक 4600 ऊंट-ऊंटनी पहुंचे चुके हैं। विक्रेता राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर सहित अन्य राज्यों से ऊंट लेकर पहुंच रहे हैं। पशुपालन विभाग हनुमानगढ़ की ओर से गोगामेड़ी पशु मेला 2024 में विभिन्न पशु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने गोगामेड़ी मेले के शुभारंभ के मौके पर पशु मेले को आर्कषक बनाने और पशुपालकों में पशुओं के प्रति जागरूकता लाने के विशेष निर्देश दिए थे। बुधवार और गुरुवार को आयोजित हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेला मजिस्ट्रेट पंकज गढ़वाल, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. हरीश गुप्ता ने पुरस्कार राशि, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पशु मेला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता प्रतिभागियों को श्रीगंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ द्वारा पुरस्कार राशि प्रदान की गई। संयुक्त निदेशक डॉ. हरीश गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पशुओं का पंजीकरण 10 सितम्बर तक किया गया। जिसमें गौवंश, भैस वंश, ऊंट और घोड़ों को शामिल किया गया। प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए गौवंश में साहीवाल नस्ल की 20 गायों, भैस वंश में मुर्रा नस्ल की 27 भैंसों का पंजीयन हुआ। निर्धारित अवधि में ऊंट सवारी प्रतियोगिता में 29 ऊंटों, ऊंट नृत्य प्रतियोगिता में 17 ऊंटों और घोड़ी प्रजनन योग्य प्रतियोगिता में 16 घोडियों का पंजीकरण करवाया गया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि गाय, भैंस और घोड़ी (प्रजनन योग्य) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करवाने वाले पशुओं के मालिकों को पुरस्कार स्वरूप 11 हजार रूपए, द्वितीय 5100 रूपए, तृतीय 2100 रूपए और चौथे को 1000 रूपए सांत्वना पुरस्कार के रूप में दिए गए।

मूंग किस्म तिलक के बारे में बताया

श्रीगंगानगर, (कासं)। भारत सरकार के कृषि अनुसंधान एवं विकास संस्थान से मान्यता प्राप्त बीज कंपनी, जयशंकर प्रा. लि. की ओर से राणोलिया कृषि फार्म 8- एसटीपी के प्रगतिशील किसान मोहन लाल राणोलिया के खेत में मूंग की उत्तम किस्म तिलक पर किसान मेले का आयोजन किया गया। इसमें किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी किसानों ने जयशंकर सीड्स की तिलक मूंग की किस्म की प्रशंसा की एवं मूंग की अन्य किस्मों को उत्तम बताया। तिलक मूंग पीला रोग रहित एवं अधिक उत्पादन देने वाली किस्म है।

आरपीएफ की 13 चौकियां बंद, अनूपगढ़- बठिंडा चौकी शामिल

बीकानेर, (कासं)। रेलवे के चार मंडल हैं। मंडलों की आरपीएफ की 13 चौकियों-बीट पोस्ट को अचानक बंद करने के आदेश जारी हुए हैं। बीकानेर जिले में जोधपुर मंडल की नोखा आरपीएफ चौकी बंद होने के साथ ही उसमें नियुक्त सभी स्टाफ का स्थानांतरण भी कर दिया गया है।

उत्तर पश्चिमी रेलवे के आईजी ज्योति कुमार ने इस आशय के आदेश जारी किए हैं। इसमें बीकानेर मंडल की रामा, चरखी दादरी, अनूपगढ़ और बठिंया, जोधपुर मंडल की मुनाबाव, नोखा, भीलड़ी, जयपुर मंडल की झुंझुनूं, सवाई माधोपुर की बीट पोस्ट, जगतपुरा और अजमेर मंडल की जंवाई बांध, मावली तथा बड़ी सादड़ी पोस्ट शामिल है। इन्हें बंद करने के आदेश में कहा गया है कि इन आउट पोस्ट की अपराध नियंत्रण में कोई भूमिका नहीं है। ऐसे में इन्हें बंद करना ही सही है। यह आदेश रेलवे आईजी ज्योति कुमार समीजा ने जुलाई के अंतिम माह और अगस्त के प्रथम सप्ताह में जयपुर में हुई क्राइम मीटिंग में चर्चा के बाद जारी किए थे।

- **बीकानेर जिले में जोधपुर मंडल की नोखा आरपीएफ चौकी बंद होने के साथ ही उसमें नियुक्त स्टाफ का स्थानांतरण भी कर दिया गया है**

बैठक में बीकानेर मंडल की चार चौकियों को लेकर भी चर्चा हुई। इसमें अनूपगढ़ चौकी बॉर्डर क्षेत्र में आती है और बठिंडा चौकी इंटर चेंज पॉइंट पर है। चरखी दादरी का नाम यात्री अपराधों में ज्यादा आता है और रामा चौकी रेलवे का लोडिंग-अनलोडिंग पॉइंट है। इतना होने के बावजूद इन चौकियों को बंद करने का निर्णय लिया गया। बीकानेर जिले में आरपीएफ की नोखा चौकी चार साल पहले शुरू हुई थी। तब से लेकर अब तक यहीं से आरपीएफ के जवान नोखा, सुरपुरा, देशनोक, पलाना और उदयरामसर तक पेट्रोलिंग करते थे। अब यहां तैनात एक एएसआई, तीन हैड कांस्टेबल और तीन कांस्टेबल को तत्काल हटा दिया गया है। सभी का स्थानांतरण अन्य जगह कर दिया गया और चौकी पर ताला लगा दिया गया है। आरपीएफ का थाना मेड़ता है। अब मेड़ता थाने के ही जिम्मे उदयरामसर तक की 120 किमी के रेलवे मार्ग की सुरक्षा होगी। नोखा रेलवे स्टेशन के अधीन होने वाली किसी भी आपराधिक घटना के लिए अब यात्रियों को बीकानेर जाकर ही अपनी रिपोर्ट दर्ज करवानी होगी।

ज्योति कुमार, आईजी आरपीएफ, उत्तर-पश्चिम रेलवे का कहना है कि इन 13 चौकियों की अपराध नियंत्रण में कोई विशेष भूमिका नहीं थी। इसलिए इन्हें बंद कर इनके स्टॉफ को बड़े स्टेशनों की चौकियों में शिफ्ट कर दिया गया है। बड़े स्टेशनों पर रि-डवलपमेंट हो रहा है। बड़े स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है। ऐसे में इन स्टेशनों पर आपीएफ जवानों की जरूरत ज्यादा है। यात्रियों की हित में यह निर्णय लिया गया है।

दशहरा पर झांकियों की तैयारी

बीकानेर, (कासं)। डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले दशहरा समारोह में बीकानेर दशहरा कमेटी द्वारा भव्य झांकी निकाली जायेगी। इसमें 17 मुख्य झांकियां होगी।

धोबी तलाई स्थित तनेजा धर्मशाला में आयोजित कमेटी की सभा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कमेटी अध्यक्ष सुनीत झांब की अध्यक्षता में हुई सभा में निर्णय लिया गया कि झांकी का आयोजन महासचिव संजय झांब, उपाध्यक्ष कबीर झांब व देवेन्द्र मेहंदीरत्ता की देखरेख में होगा।

महासचिव संजय झांब ने बताया कि झांकी के पात्रों के चयन को लेकर जल्द ही एक तारीख घोषित की जायेगी। दशहरा झांकी मुख्य मार्गों के साथ ही शहर के अंदरूनी हिस्सों से भी होकर निकलेगी। झांकी के सफल संचालन के लिए नमन झांब, फ्रैंकी झांब व नैतिक चावला की युवा टीम को नियुक्त किया गया है। कमेटी के अध्यक्ष सुनीत झांब ने जानकारी दी कि दशहरा आयोजन में इस बार रावण दहन से पहले 5 मिनट तक इलेक्ट्रोनिक आतिशबाज़ी का शो किया जायेगा।

साहित्यकारों को सृजन पुरस्कार से नवाजा

श्रीडूंगरगढ़, (कासं)। हिन्दी समूचे विश्व में पांच हजार भाषाओं में तीसरे स्थान पर है और देश विदेश में वह अपनी जड़ों को जमा रही है। अगर देश में कोई भाषा अपना सामर्थ्य, कोशिश, व्यवहार व व्यापार की इच्छा रखती है तो वो भाषा हिन्दी है।

ये उद्गार यहां संस्कृति भवन में शनिवार को राष्ट्र भाषा हिन्दी प्रचार समिति व जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात साहित्यकार सूरज सिंह नेगी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि दुख की बात यह है कि हिन्दी भाषा अपने देश में जिस सम्मान की अधिकारिणी है वो सम्मान प्राप्त नहीं कर पा रही है।

यहां राष्ट्रीय राज मार्ग पर स्थित संस्कृति भवन में संस्था के वार्षिक उत्सव के अवसर पर संस्था की सर्वोच्च मानद उपाधि मलाराम माली स्मृति साहित्यश्री अजमेर के प्रफुल्ल प्रभाकर को दी गई। इसी तरह डॉ. नंदलाल महर्षि स्मृति हिन्दी साहित्य सृजन पुरस्कार जयपुर के प्रबोध कुमार गोविल, शिवप्रसाद सिखवाल स्मृति महिला लेखन पुरस्कार दिल्ली की रिंकल शर्मा, सामाजिक सरोकारों को समर्पित रामकिशन उपाध्याय स्मृति समाज सेवा सम्मान बीकानेर के डॉ. नरेश गोयल को प्रदान किया गया। इसी तरह दिल्ली की सुमन बाजपेयी को श्यामसुंदर नागला स्मृति बाल साहित्य पुरस्कार, लखनऊ के प्रभु झिंगरन को सुरेश कंचन ओझा लेखन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान ताराचंद इंदौरिया, साहित्यकार डॉ. मदन सैनी, डॉ. चेतन स्वामी, भंवर भोजक, बजरंग शर्मा, महावीर माली, रामचंद्र राठी, कांति भवानी उपाध्याय, विजय महर्षि, विनोद सिखवाल, भरतसिंह राठौड़, अब्दुल शकूर, कन्हैयालाल सारस्वत मौजूद थे।

- **संस्था की सर्वोच्च मानद उपाधि मलाराम माली स्मृति साहित्य श्री अजमेर के प्रफुल्ल प्रभाकर को दी गई**

पुलिस और वकील एक दूसरे के पूरक : एएसपी

श्रीगंगानगर, (कासं)। तीनों नए कानूनों को लेकर वकीलों के लिए करवाए जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। नए आपराधिक कानून, अध्ययन और विश्लेषण' विषयक सेमिनार के समापन अवसर पर विषय विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिया।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन मुख्य अतिथि एएसपी रघुवीर शर्मा ने पुलिस और वकीलों के संबंधों पर चर्चा करते हुए कहा कि दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं। ना पुलिस का काम वकील के बिना चल सकता है। न ही वकील का काम पुलिस के बिना चल पता है। दोनों वर्गों को सामंजस्य बनाते हुए विवादों से दूर रह कर कार्य करना चाहिए। वकील ललित गौड़ ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के प्रावधानों के बारे में बताया। अमनदीप मिगलानी ने नए कानूनों में महिलाओं से संबंधित प्रावधानों के बारे में बताया। हंसराज तनेजा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानों के साथ पूर्ववर्ती और नए कानूनों में अंतर के बारे में बताया।

जरनैल सिंह टुरना ने कहा कि कानून जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सेमिनार होने चाहिए। टुरना के अनुसार युवा वकील बार की मर्यादा को समझें और उसी अनुरूप कार्य करें।

नाबालिग छात्र सीकर में लापता

अनूपगढ़, (कासं)। हॉस्टल से कोचिंग के लिए गए नाबालिग लड़के के लापता हो जाने का मामला सामने आया है। नाबालिग का अभी तक कहीं कोई सुराग नहीं लगा। मामला सीकर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र का है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में लड़के के परिजनों ने बताया कि उनका 17 साल का नाबालिग लड़का घड़साना मंडी, अनूपगढ़ का रहने वाला है जो पिछले काफी समय से सीकर के एक प्राइवेट कोचिंग संस्थान में पढ़ाई करता है।

लड़का कोचिंग के पास ही हॉस्टल में रहता है। लड़का दोपहर 12:30 बजे हॉस्टल से कोचिंग के लिए निकला था लेकिन वापस हॉस्टल नहीं पहुंचा।

प्रेशर कम होने से पानी नहीं पहुंचने पर लोग परेशान

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर के कई इलाकों में शनिवार को पानी का प्रेशर कम रहने से सुबह की सप्लाई घरों तक नहीं पहुंच पाई। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

इन इलाकों में आमतौर पर सुबह नौ बजे से साढ़े नौ बजे के बीच पानी की सप्लाई शुरू हो जाती है। शनिवार को सप्लाई तो दी गई लेकिन कई इलाकों तक पानी पूरे प्रेशर के साथ नहीं पहुंच पाया और इन कॉलोनियों में सुबह पानी सप्लाई नहीं मिल पाई।

असल में शहर के एन ब्लॉक, इंदिरा कॉलोनी और हाउसिंग बोर्ड इलाके में पानी की सप्लाई रामलीला मैदान के पंप हाउस से दी जाती है। यह सप्लाई पीएचईडी देती है। वहीं पुरानी शुगर मिल इलाके के पंप हाउस से सीवरेज कंपनी एलएनटी सप्लाई देती है। दोनों का सप्लाई टाइम एक रखा जाता है और दोनों की मोटरें एक साथ चलाई जाती है। इससे पानी पूरे प्रेशर के साथ चलता है और यह अंतिम छोर की कॉलॉनियों तक पहुंच पाता है।

शनिवार को एलएनटी के वाटर सप्लाई सिस्टम की एक मोटर खराब हो जाने से इससे सप्लाई नहीं दी गई। इससे पानी का पर्याप्त प्रेशर नहीं बन पाया और यह अंतिम छोर की कॉलोनियों तक नहीं पहुंच पाया।

- **एलएनटी के वाटर सप्लाई सिस्टम की एक मोटर खराब हो जाने से सप्लाई नहीं दी गई, इससे पानी का पर्याप्त प्रेशर नहीं बन पाया और अंतिम छोर की कॉलोनियों तक नहीं पहुंच पाया**

संकीर्ण विचारधारा से उबर कर सोचेंगे तो हिन्दी राष्ट्रभाषा बन जायेगी : डॉ. मेहता

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र परिसर पर आज हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केन्द्र के प्रभागाध्यक्ष डॉ एस. सी. मेहता ने कहा कि देश के विभिन्न प्रांतों में रहने वाले सभी लोग अगर संकीर्ण विचारधारा से उबर कर सोचेंगे तो हिन्दी राष्ट्रभाषा बन जायेगी। उन्होंने कहा कि भारत में कई राज्य हैं एवं हर राज्य का एक मुख्यमंत्री है जो वहां की स्थानीय भाषा, संस्कृति एवं समाज का प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन देश का प्रधानमंत्री तो एक ही होता है। उसी तरह राज्य अपनी -अपनी भाषा में संवाद करें लेकिन देश की राष्ट्रभाषा तो एक ही हो सकती है एवं वह हिन्दी है।

आजादी से पूर्व महात्मा गांधी ने 1917 में कहा था कि भारतीय भाषाओं में केवल हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है। क्योंकि यह सरल है एवं अधिकांश भारतीयों द्वारा बहुत बड़े भूभाग में बोली जाती है। तब से लेकर अब तक हिन्दी भाषा की प्रगति सिर्फ इतनी हुई कि 14 सितम्बर सन् 1949 को हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया एवं इसी लिए प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाने लगा। इस दौरान संवैधानिक प्रगति चाहे मामूली हुई हो लेकिन वास्तविकता में हिन्दी भाषा देश के कोने-कोने तक ही नहीं बल्कि विश्व में एक विशिष्ट स्थान बनाने में सफल रही है।

राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र में हिन्दी दिवस कार्यशाला को केन्द्र के प्रभागाध्यक्ष डॉ. एस. सी. मेहता ने संबोधित किया।

- **भारतीय भाषाओं में केवल हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है**

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप उपस्थित प्रतिष्ठित समाजसेवी, संपादक एवं व्यवसायी लूणकरण छाजेड़ ने हिन्दी भाषा की सुरक्षा एवं संवर्धन विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए इसका रोजगारोन्मुखी होना आवश्यक है। इसलिए अधिक से अधिक तकनीकी पाठ्यक्रम हिन्दी में उपलब्ध हो। उन्होंने आगे कहा कि अच्छे पुस्तकालय हों, हिन्दी में अच्छा साहित्य उपलब्ध हो, जागरूकता कार्यक्रम समय समय पर होते रहें, अच्छे हिन्दी साहित्य का अन्य भाषाओं में भी अनुवाद हो।

रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

श्रीगंगानगर, (कासं)। सादुलशहर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नूरपुरा में शुक्रवार को रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने आमजन की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार जनता की समस्याओं का निराकरण करें।

नुरपुरा में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने, आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाने, हड्डा रोहड़ी की व्यवस्था करने, पेयजल से वंचित ढाणियों में पाइप लाइन डलवाने और पशु स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की गई।

जिला कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को बुलाकर इन प्रकरणों की जांच कर ग्रामीणों की समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात्रि चौपाल और जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले सभी प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई करते हुए आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी सरकार की मंशा के अनुसार आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण कर उन्हें राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें। रात्रि चौपाल में जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह, एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, एसडीएम रवि कुमार, ज्योति सुथार, डॉ. करण आर्य, पवन कुमार, गुरतेज सिंह बराड़, सरपंच सुखविंद्र कौर सिंघल सहित अन्य मौजूद थे।

श्रीगंगानगर के नूरपुरा में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने आमजन की समस्याएं सुनी।